द्वितीय

वार्षिक प्रतिवेदन

1983-84

NAGALAND
MEGHALAYA
TRIPURA
ASSAM
MIZORAM
MANIPUR
ARUNACHAL PRADESH

IN SERVICE OF
SEVEN SISTERS

एन ई आर ए एम ए सी

उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लि०

विषय वस्तु

	पृष्ठ संख्या
निदेशक बोर्ड	2
नोटिस	3
अध्यक्ष का वक्तव्य	4
निर्देशक रिपोर्ट	8
लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	16
भारत के नियंत्रक तथा महा लेखा परीक्षक की टिप्पणी ...	44

निदेशक बोर्ड

के० सी० अनन्त	अध्यक्ष एवं-प्रबन्ध निदेशक	

पदेन अंशकालिक निदेशक

के० कानूनगो (डा०)	योजना आयोग	
एच० डी० बंसल	खाद्य विभाग	
के० सुन्दरराजुलु	कृषि तथा सहकारिता विभाग	
नीरू नन्दा (कुमारी)	गृह मंत्रालय	
सी० एस० राव	वित्त मंत्रालय	
उमा वोहरा (श्रीमती)	वाणिज्य मंत्रालय	17.11.83 तक
एस० पी० शुक्ल	वाणिज्य मंत्रालय	18.11.83 से
एन० पी० नवानी	उत्तर पूर्वी परिषद्	
लालजीत सिंह	मार्डन फूड इंडस्ट्रीज (इं०) लिमिटेड	
वी० जे० हीरजी	नेफेड	28.02.84 तक
के० डी० सिंह	मणिपुर सरकार	
सी० एस० सामत	त्रिपुरा सरकार	08.04.83 से
एच० एन० दास	असम सरकार	
जे० पी० सिंह	मेघालय सरकार	18.01.84 तक
टी० ओनोक	मेघालय सरकार	19.01.84 से
रमेश चन्द्र	अरुणाचल प्रदेश सरकार	17.04.83 से
के० एस० वैधवान	अरुणांचल प्रदेश सरकार	18.04.83 से
		29.11.83 तक
एम० एन० मलिक	मिजोरम सरकार	29.11.83 तक
जे० किरे	नागालैण्ड सरकार	29.11.83 तक

कम्पनी सचिव/प्रबन्धक

जी० के० गोस्वामी

लेखा परीक्षक

ए० भट्टाचार्यजी एण्ड कं०, चार्टर्ड एकाउंटेंट
पानबाजार, गोहाटी-781001.

बैंकर

स्टेटबैंक ऑफ इंडिया
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया

पंजीकृत कार्यालय

राजगढ़ रोड, गोहाटी-781 003, असम

नोटिस

एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड के अंश-धारियों की स्थगित दूसरी वार्षिक साधारण बैठक बृहस्पतिवार 30 अगस्त, 1984 को 15.00 बजे निगम के पंजीकृत कार्यालय राजगढ़ रोड, गोहाटी-781 003 में निम्नलिखित कार्य मदों पर विचार करने के के लिए होगी :—

1. निर्देशकों की रिपोर्ट, 1.4.1983 से 31.3.1984 तक की अवधि का लेखापरीक्षित तुलन पत्र और लाभ तथा हानि लेखा और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्राप्त करना और उसे स्वीकार करना। उन पर भारत के नियन्त्रक तथा महा लेखा परीक्षक की टिप्पणी पटल पर रखी जाएगी।

2. अन्य कोई मद जिस पर साधारणतया अध्यक्ष की अनुमति से विचार किया जा सकता है।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से
हस्ता०/-
(के० सी० अनन्त)
अध्यक्ष-एवं-प्रबन्ध निर्देशक

गोहाटी-781 003
9 अगस्त, 1984

सेवा में,

निगम के सभी सदस्य,
मैसर्स ए० भट्टाचार्यजी एण्ड कं०, चार्टर्ड एकाउंटेंट
पान बाजार गोहाटी-781 001

नोट :

कोई भी सदस्य जिसे बैठक में भाग लेने व वोट देने का हक प्राप्त है, वह अपने स्थान पर अपना प्रतिनिधि बैठक में भाग लेने व वोट देने के लिए मनोनित कर सकता है और प्रतिनिधि का सदस्य होना जरूरी नहीं है।

अध्यक्ष का वक्तव्य

मुझे उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड की दूसरी वार्षिक साधारण बैठक में आपका स्वागत करने में खुशी हो रही है। निदेशक बोर्ड की दूसरी रिपोर्ट और 31 मार्च, 1984 को समाप्त अवधि के लेखा परीक्षित लेखे विचारार्थ और अनुमोदन के लिए आपके सम्मुख हैं।

गतिविधियों की विशेषताएं

अनन्नास और अनन्नास के उत्पाद

निगम ने जून, 1983 के अन्त से राज्य की सहकारी एजेंसियों के माध्यम से ताजे अनन्नास फलों की वाणिज्यिक खरीदारी शुरू की थी। कुमारघाट, त्रिपुरा राज्य से अनन्नास से लदे पहले पांच ट्रकों के आने के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि दूरदराज स्थानों को ट्रकों से अनन्नास भेजना मितव्ययी नहीं होगा क्योंकि फलों का 50 प्रतिशत भाग थोक व्यापारियों के गोदाम में 48 घन्टे के अन्दर नष्ट हो गया जिससे इस सौदे में घाटा पड़ा। इस अनुभव से स्पष्टतया यह विदित हुआ कि अधिक ब्रिक्स अंश वाली अनन्नास की ग्रीष्म और वर्षाकालीन फसलें ऊंचा तापमान और आद्रता बर्दाशत नहीं कर सकती हैं जो कि सामान्यतया मई से जुलाई तक रहता है। परिवहन के बाद उसकी गुणवत्ता व्यवहार्यता बहुत ही कम रह जाती है और फल में बुदबुदाहट शुरू होने से पूर्व उसका विघायत के लिए तो प्रयोग किया जा सकता है लेकिन खुदरा बिक्री के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता है। इन अनुभवों की दृष्टि में उत्पादक क्षेत्रों में फैक्ट्रियों से अनन्नास के उत्पाद तैयार करने के लिए अनन्नास खरीदने के लिए कहा गया था इसमें उनके उत्पादों को खरीदने की व्यवस्था थी। निगम की यह नीति तुरन्त लोकप्रिय हो गयी और अनन्नास के उत्पाद तैयार करने के लिए उत्पादकों से बहुत अधिक मात्रा में अनन्नास खरीदा गया। इस व्यवस्था से निगम का कम से कम अनन्नास के उत्पादकों के लिए एक आश्वासिक सप्लाई आधार बन गया। फैक्ट्रियों द्वारा निर्मित उत्पाद मिश्रण की बिक्री करने के लिए निगम ने अपने साहस और दूरदर्शिता से सोवियत रूस को 36·50 लाख रुपये के मूल्य के लगभग 460 लाख मीटरी टन अनन्नास के उत्पादों का निर्यात करने के लिए प्राइवेट निर्यात और सरकारी क्षेत्र के व्यापारिक गृहों के साथ ठेका कर लिया। निगम का यह पहला निर्यात प्रयास था। इससे निगम से 30·42 लाख रुपये के मूल्य के 370·53 मीटरी टन उत्पादों का निर्यात किया।

इसके अलावा, अनुभव से विदित हुआ कि ऊंचे क्षेत्रों में पैदा होने वाले अनन्नास जिसकी फसल अवधि अगस्त से प्रारम्भ होती है और शरद अनन्नास जो अक्तूबर से आगे मंडियों में आने लगता है, में ठंडी जलवायु और कम आद्रता होने से अपेक्षाकृत कम ब्रिक्स अंश होता है। यह अनन्नास लम्बी दूरी तक भेजा जा सकता है। और मार्ग में इसकी मामूली क्षति होती है। निर्यात सम्बन्धी वायदों को पूरा करने के लिए इस अनन्नास का विघायन के लिए प्रयोग किया गया था।

अतः निगम ने त्रिपुरा, मेघालय के राज्यों और संघ-शासित प्रदेश अरुणाचल से लगभग 2,40,000 अदद अनन्नास खरीदे थे जिनका मूल्य 1,50,000 रुपये था। इस मात्रा में से 50 प्रतिशत अनन्नास अलग (अरुणाचल प्रदेश) से आया था जिससे गांव बागरा में और उसके आस-पास की आदिवासी जनसंख्या को सीधे लाभ पहुंचा था।

ताजा अदरख

मैसर्स मैकोफेड, शिलांग के साथ 50 : 50 के आधार पर लाभ और हानि को बांटने की शर्त पर एक करार किया गया था। मेघालय राज्य की पश्चिमी गारो हिल से फरवरी, 1984 में हरा अदरख खरीदा गया। इसी प्रकार, मिजोफेड के माध्यम से मिजोरम से सीधी खरीद के आधार पर अदरख खरीदा गया था। अदरख की वसूली प्रणाली, परिवहन प्रबन्धों और गारंटी ब्रोकरों के माध्यम से कलकत्ता की टर्मिनल मण्डी में उसकी बिक्री करने में अर्न्तनिर्हित बुराइयों के कारण इन सभी सौदों में निगम को कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं पहुंचा।

निगमित नीति के अनुसार, निगम ने कलकत्ता में अदरख नेफेड के माध्यम से बेचा था। तथापि निगम से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ यह मामला उठाया है कि नेरोलक को टर्मिनल मंडी में स्थान दिया जाए जिससे यथा समय में विचौलियों को समाप्त किया जा सके।

संतरा और लाल नींबू

यद्यपि सारे क्षेत्र में फसल के आकार में भारी कमी होने के कारण संतरे की खरीदारी नहीं की जा सकी लेकिन निगम ने सरकारी फल परीक्षण फैक्ट्री, नागालैण्ड से सम्बद्ध तकनीकी अधिकारी के माध्यम से लाल नींबू खरीदा था। अधिक अम्लता होने से ताजा लाल नींबू स्थानीय बाजार में नहीं बिकता है क्योंकि थोक और खुदरा व्यापारी 40,000 अदद लाल नींबू को नहीं खपा सकते। तथापि सारी मात्रा से रस निकाला गया और उसमें परिरक्षक डालने के बाद उसका भण्डारण किया गया। इस रस को अगले संतरा मौसम में बेचने का विचार है, जब बाटलरों से इसकी मांग होने की सम्भावना है।

स्थायी समिति

स्थायी प्रशासन समिति और स्थायी वित्त समिति का 21 मार्च, 1984 से पुनर्गठन किया गया। इन समितियों की कार्य अवधि एक वर्ष होगी। समितियों के सदस्य, सदस्यों की संख्या और समितियों के कार्यचालन सम्बन्धी मानदण्ड वहीं होंगे जो कि पहले रखे गए थे।

परियोजना

कुमारघाट अनन्नास/संतरा जूस सांद्रण संयंत्र सम्बन्धी परियोजना मई, 1983 के मध्य के आस-पास आवश्यक स्वीकृति के लिए खाद्य विभाग को भेजी गई थी। मन्त्रालय ने मूल परियोजना रिपोर्ट पर जो मुद्दे उठाये थे उन पर निगम ने अपने विचार भेज दिए थे और सरकार को निदेशक बोर्ड की संशोधित रूप में परियोजना प्रस्ताव की स्वीकृति के बारे में भी सूचित कर दिया था और इसकी शीघ्र मंजूरी देने के लिए अनुरोध किया था। इस बीच में जैसा कि बोर्ड ने स्वीकार किया था, फैक्ट्री और भवन के निर्माण के लिए आर्कीटैक्टों की सेवाएं प्राप्त करने और फल विघायन मशीनरी का निर्माण करने में विशेषज्ञ विख्यात कम्पनियों में संयंत्र और मशीनरी सप्लाई करने के लिए कोटेशन मंगवाने के लिए टेंडर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

सम्भावनाएं

निगम ने प्राइवेट निर्यात गृहों और भारतीय राज्य व्यापार निगम के साथ अनन्नास के उत्पादों के निर्यात के लिए निर्यात ठेकों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे निर्यात की कुल मात्रा 1050 मीटरी टन है जिसका मूल्य 82 लाख रुपये है। माल का जहाजों पर लदान उत्तरी पूर्वी क्षेत्र के त्रिपुरा, असम, मेघालय और मणिपुर के राज्यों के राज्य सरकारी क्षेत्र के निगमों, सहकारी समितियों, सरकारी विभाग और प्राइवेट कम्पनियों के सहयोगी निर्माताओं द्वारा अगस्त से दिसम्बर, 1984 तक किया जाएगा।

यद्यपि अप्रैल और मई 1984 के दौरान एक के बाद एक ठेकों पर हस्ताक्षर किए गए, लेकिन सहयोगी निर्माताओं जिन्होंने उत्पादकों से अपनी सप्लाई प्राप्त करने के लिए ठेके किए हुए थे, की सम्भावनाएं अच्छी थीं लेकिन ओ० टी० एस० डिब्बों की कमी के कारण लदान अनुसूची में कुछ विलम्ब हो सकता है। नेरामेक, जो कि एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है, ने उन कुछेक सहयोगी निर्माताओं को ओ० टी० एस० डिब्बे दिलाने की व्यवस्था की थी जिन्होंने अपनी मांग अग्रिम भेजी थी। नेरोमेक निर्यात की गति बनाये रखने की पूरी कोशिश कर रहा है। इससे अधिक अवधि के लिए मजदूरों को सार्थक रोजगार देने के अलावा, विधायन संयंत्रों की क्षमता का उपयोग भी बढ़ने की सम्भावना है।

नेरामेक के लिए तैयार किया गया जवान के ब्रांड नाम से जैक फ्रूट जैम को देश में और निर्यात मंडियों में लोकप्रिय बनाया जाएगा। आशा है कि जैक फ्रूट का उपयोग करने के इस कार्यक्रम के इस क्षेत्र में जहां ये फल बहुतायत से पैदा होता है वहां की जनसंख्या के आदिवासी और कमजोर वर्गों की मदद की जा सकेगी।

तेलीय राल निकालने के लिए मिजोरम में पैदा होने वाली "अफ्रीकी वर्ड आई लाल मिर्च" (सूखी) और मेघालय से हल्दी (सूखी) के विपणन की सम्भावनाएं अच्छी समझी जाती हैं। विपणन तथा निरीक्षण निदेशालय, ग्रामीण विकास मन्त्रालय भारत सरकार की सहायता से एगमार्क श्रेणीकरण लागू कर पहली बार सिट्रोनेला जावा आयल के विपणन की सम्भावनाओं का पता लगाया जा रहा है कुमारघाट में अनन्नास/आरेंज जूस सांद्रण संयंत्र लगाने की मंजूरी सम्बन्धी सरकारी आदेश 24 जुलाई, 1984 को प्राप्त हुए थे और मुझे यह बताने में खुशी हो रही है कि इस प्रतिष्ठित परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए पग उठाये जा रहे हैं। इसकी कुल लागत 213.56 लाख रुपये हैं।

आभार प्रदर्शन

अपना भाषण समाप्त करने से पूर्व मैं नेरामेक के निदेशक बोर्ड में अपने सहयोगियों के प्रति उनके मूल्यवान परामर्श, सहयोग और अनवरत समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। मैं उत्तर पूर्वी परिषद्, खाद्य विभाग, खाद्य तथा नागरिक पूर्ति मन्त्रालय, और गृह मन्त्रालय भारत सरकार का भी आभारी हूँ।

मैं श्री पुरनो ए० संगमा माननीय उप मन्त्री (वाणिज्य) भारत सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने नेरामेक की निर्यात और घरेलू व्यावहार सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों में विशेष अभिरुचि ली थी।

मैं प्रबन्धकों और कर्मचारीगणों को बधाई देना और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिन्होंने अनेक बाध्यताओं के बावजूद भी इस संगठन को इस स्तर तक पहुंचाने में निष्ठापूर्वक और घोर परिश्रम के साथ कार्य किया।

भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड, ने निर्यात ठेके देने और मैसर्स फ्रूटो एण्ड कं०, त्रिपुरा लघु उद्योग निगम, सरकारी फल परिरक्षण फैक्ट्री मणिपुर, और एसोसिऐटेड वेवरेज प्रा० लिमिटेड ने

नेरामेक के लिए और उनकी ओर से निर्यात ठेके सम्पन्न करने में जो सहायता की है, उसके लिए हम आभारी हैं। निगम को नियंत्रक तथा लेखापरीक्षक और सांविधिक लेखापरीक्षकों के मार्गदर्शन से 31-3-1984 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखों कों निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने में मदद मिली है। मुझे उत्तर पूर्वी क्षेत्र के 7 घटक राज्यों के मुख्य मन्त्रियों, मंत्रियों तथा सचिवों और अधिकारियों से निरन्तर सहयोग मिला है इसके लिए मैं उनका आभारी हूँ।

स्थान :
तारीख :

हस्ता०/-
(के० सी० अनन्त)
अध्यक्ष-एवं-प्रबंध निदेशक

निदेशक रिपोर्ट

निदेशक बोर्ड को 31 मार्च, 1984 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट और लेखों के लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करने में खुशी हो रही है।

बाजार सम्भाव्यताएं

इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष सामान्य स्थिति व्यापारिक गतिविधियां शुरू करने के लिए अत्यधिक अनुकूल थीं। निगम द्वारा सहयोगी निर्माताओं को ओ. टी. एस. डिब्बे, कार्टन, फल आदि जिन्स रूप में देने और जहाज पर लदान से पूर्व और बाद ऋण देने के बारे में अपनाई गई गतिशील आदान आपूर्ति नीति ने ताजे अनन्नास की विक्रेय अधिशेष मात्रा को खरीदने और प्राइवेट निर्यात तथा सरकारी क्षेत्र के व्यापारिक गृहों की सहायता से सोवियत रूस को पहला निर्यात कर डिब्बाबंद उत्पादों का निपटान करने के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। निगम तथा सहयोगी निर्माताओं द्वारा अनन्नास की निरन्तर खरीदारी करने का यह परिणाम हुआ कि ताजा अनन्नास की कीमतें पिछले वर्षों में चल रही कीमतों की अपेक्षा ऊंचे स्तर पर स्थिर हो गयी और बिना किसी बर्बादी के फल का सूझ-बूझ के साथ उपयोग हुआ।

संतरे और अदरख की फसल की पैदावार अच्छी नहीं थी जिसके परिणामस्वरूप वसूली केन्द्रों पर इनके दाम ऊंचे थे। अतः निगम ने संतरे की खरीदारी करना बिल्कुल आवश्यक नहीं समझा और विभिन्न बाजार तन्त्र की जटिलताओं का अध्ययन करने के लिए ताजी अदरख की प्रयोगात्मक वसूली की गई थी।

उत्पादन और बाजार सर्वेक्षण

राष्ट्रीय उत्पादिता परिषद, गोहाटी ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अदरख, संतरा, अनन्नास और आलू जैसे बागवानी उत्पादों के विपणन से संबंधित अपनी रिपोर्ट जून, 1983 के दौरान प्रस्तुत की।

इस रिपोर्ट में उत्पादन की लागत समेत काश्त पैकेज, उत्पादन और विक्रय अधिशेष आदि के बारे में आंकड़े दिए गए हैं।

अनन्नास और संतरे के विपणन के बारे में रिपोर्ट में इस क्षेत्र के अन्दर शहरी क्षेत्रों में कुछ मात्रा बेचने और कुछ मात्रा कलकत्ता की टर्मिनल मंडी में बेचने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया था कि कुछेक मौजूदा विधायन यूनिटों का प्रबन्ध नेरामेक द्वारा आरम्भ में प्रयोगात्मक आधार पर अपने अधिकार में ले लिया जाए। रिपोर्ट में दूसरा वैकल्पिक सुझाव जूस सांद्रण तैयार करने के बारे में था ताकि यह जूस सांद्रण थोक में विभिन्न अन्तिम प्रयोक्ताओं को जूस या बोतल बन्द बेवरेज बनाने के लिए दिया जा सके।

जहां तक अदरख का संबंध है, रिपोर्ट में अल्पकालीन और दीर्घकालीन दोनों उपायों के बारे में सुझाव दिये गये हैं।

अल्पकालीन उपाय के रूप में सहकारी समितियों द्वारा नेरामेक के लिए और उनकी ओर से अदरख खरीदी जाएगी और नेरामेक अल्टा उसे नेफेड/प्राइवेट कमीशन एजेन्टों के माध्यम से कलकत्ता की टर्मिनल मंडी में बेचेगा।

दीर्घकालीन उपाय के रूप में रिपोर्ट में उत्पादक एसोसियेशन के संगठन के बारे में सुझाव दिया गया था जो कि क्षेत्रीय स्तर पर नेरामेक को सारा अदरख बेचेगा। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया था कि नेरामेक को राष्ट्रीय स्तर पर अदरख बेचने के लिए नेफेड की सहायता प्राप्त करनी चाहिये। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि कमीशन एजेन्टों के कार्यों को करने और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कृषि/बागवानी उत्पादों की बिक्री के कार्य की देखभाल करने के लिए नेरामेक को धीरे-धीरे कलकत्ता में टर्मिनल मंडी का विकास करना चाहिए।

आलू के बारे में यह कहा गया था कि अनुमानित विक्रेय अधिशेष का 90 प्रतिशत स्वयं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के अन्दर ही खप जाता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि नेरामेक द्वारा सीधी वसूली आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं होगी क्योंकि उसे बहुत अधिक संख्या में मध्यवर्ती कार्य करने पड़ेंगे। इसके अलावा, आलू की वसूली मौसमी स्वरूप की होने के कारण, स्थायी जनशक्ति और अन्य ऊपरी खर्चों के बारे में कोई सिफारिश नहीं की गई थी।

नेरामेक बोर्ड ने राष्ट्रीय उत्पादिता परिषद द्वारा सुझाये गए अल्पकालीन उपायों को अपनाने की स्वीकृति दी और निगम से यथा समय में, स्वतन्त्र रूप से टर्मिनल मंडी में विपणन का कार्य करने के लिए अपना आधारिक ढांचा तैयार करने के लिए कहा।

तकनीकी समिति

सचिव, उत्तर-पूर्वी परिषद के अनुरोध पर, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में फल विधायन फैक्ट्रियों की समस्याओं का अध्ययन करने के लिए एक तीन सदस्यों की समिति का गठन किया गया था। क्षेत्र की अधिकांश फैक्ट्रियों का दौरा करने के बाद समिति ने 19 अप्रैल, 1983 को उत्तर-पूर्वी परिषद, शिलांग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी। समिति की रिपोर्ट जून, 1983 के पहले सप्ताह के दौरान नेरामेक को भेज दी गई थी।

क्योंकि समिति ने कोई विशिष्ट सिफारिश नहीं की थी इसलिए यह प्रस्ताव था कि नेरामेक व्यक्तिगत यूनिटों की उनकी जरूरतों के अनुसार इस आधारभूत उद्देश्य से मदद करेगा जिससे कि इन फ़ैक्ट्रियों की निर्धारित क्षमता का पूरा उपयोग हो और निर्यात सम्बन्धी सम्भावनाओं की जांच करने समेत क्षेत्र के अन्दर और बाहर उत्पादनों के विपणन का कार्य शुरू किया जाए।

वित्तीय विशेषताएं

रुपए लाख में

	1983-84	1982-83
कुल कारोबार	51.14	—
घरेलू बिक्री	20.72	—
निर्यात	30.42	—
ब्याज से आय	16.74	1.98
कर से पूर्व लाभ	10.47	(—) 0.06
आरक्षित निधि	—	—
अनुपात	%	%
कर से पूर्व लाभ : कारोबार	20.47	—

पहले वर्ष में वाणिज्यिक गतिविधि से लाभ नाम मात्र होने के कारण लाभांश के भुगतान का प्रश्न ही नहीं उठता। तथापि, पिछले वर्ष के दौरान हुए 0.06 लाख रुपए की हानि की राशि को निकालने के बाद 4,35,600.79 रुपये की राशि सामान्य कुल पत्र को अन्तरित की गई थी। निगम ने सहयोगी निर्माताओं से अपने निर्यात पर कोई सेवा प्रभार नहीं वसूल किया था ताकि उन पर भार में वृद्धि न हो, ताकि वे अगले वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षाकृत अधिक भाग ले सकें।

परिचालन परिणाम

अनन्नास—1983 की अनन्नास की ग्रीष्म और वर्षा कालीन मौसमों की स्थानीय फसलें सामान्य थी, यह फसल अप्रैल के अन्त से शुरू होकर अगस्त के पहले पखवाड़े तक चलती है। लेकिन सर्दी की फसल बुरी तरह खराब हो गई थी। इसलिए दिसम्बर, 1983 और जनवरी. 1984 के दौरान ताजे अनन्नास के लिए वास्तव में छीना झपटी थी जिसके परिणामस्वरूप मूल्यों में भारी बढ़ोतरी हो गयी थी और निर्यात सम्बन्धी दायित्वों को पूरा करने में भी कुछ कमी हुई थी।

निगम ने आलोच्य वर्ष के दौरान 1.42 लाख रुपये के मूल्य के 240 मीटरी टन ताजे अनन्नास खरीदे थे जबकि संशोधित लक्ष्य 200 मीटरी टन का था। अनन्नास की यह वसूली मुख्यतया त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में की गई थी। अनन्नास की ज्यादातर सप्लाई त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश से प्राप्त हुई।

अदरख—अदरख की वसूली का कार्य फरवरी, 1984 के दौरान शुरू किया गया था। मेकोफेड (मेघालय सहकारी विपणन संघ, शिलांग) के माध्यम से गारो हिल जिले से खरीदी गई हरी अदरख की मात्रा 733.58 क्विंटल थी।

इसके अलावा, मिजोफेड (मिजोरम सहकारी विपणन संघ एजल) के साथ मिलकर मिजोरम से 383.40 क्विंटल हरी अदरख खरीद गई थी। आलोच्यावधि में वित्तीय वर्ष के दौरान हरी अदरख की वसूल की गई कुल मात्रा 1116.98 क्विंटल थी जो कि कुल 4.25 लाख रुपये पर बेची गई थी जिससे लगभग 20,000 रुपये की हानि हुई थी।

संतरा/लाल नीबू—नागालैण्ड सरकार से संतरा 25/- रुपये प्रति 100 और लाल नीबू 8/- रुपये प्रति 100, गोहाटी तक रेल पर निष्प्रभार की कीमत पर खरीदने के लिए बराबर बातचीत चलती रही। तथापि, नागालैण्ड से प्रयोगात्मक आधार पर लगभग 40,000 अदद देशी लाल नीबू 8/- रुपये प्रति 100 गोहाटी तक रेल पर निष्प्रभार की कीमत पर खरीदे गए थे। इस नीबू में ऊंची अम्लत होने के कारण इस क्षेत्र के थोक व्यापारी और खुदरा व्यापारी उसे नहीं खरीद रहे थे। इस सारी मात्रा में से रस निकाला गया और उसे तैयार माल के रूप में बेचने की सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए इस रस का विधिवत गोदामों में परिरक्षण किया गया।

जहां तक संतरे का सम्बन्ध है, सामान्यतया, यह मालूम हुआ कि वर्षा मौसम के उत्तरार्ध में भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति के कारण इस सारे क्षेत्र में संतरे की फसल को क्षति पहुंची थी। इस स्थिति के कारण विभिन्न प्रकार के अनुमान उपलब्ध थे और त्रिपुरा से हमें प्रतिपुष्टि हुई कि फसल का आकार पिछले वर्ष की अपेक्षा केवल एक तिहाई था। पिछले वर्ष में आमद 50,000 मीटरी टन थी। उत्पादन के आंकड़ों और उचित मूल्यों पर संतरे की अनुपलब्धता की भिन्न-भिन्न मूलभूत रिपोर्टों के कारण निगम को त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, और मेघालय से वसूली का लक्ष्य छोड़ना पड़ा था।

सेब—यद्यपि गोहाटी, असम में कृषि विभाग के नियंत्रणाधीन उपलब्ध ठण्डे गोदामों में सेब के भण्डारण के लिए पक्के प्रबन्ध किए गए थे लेकिन सेब के विक्रेय अधिशेष की अनुपलब्धता के कारण, जैसा कि अरुणाचल प्रदेश सरकार के बागवानी/कृषि विभाग से सूचित किया था, सेब की वसूली नहीं की जा सकी थी।

नेरामेक—एक केन्द्रक एजेन्सी के रूप में

नेरामेक ने सहयोगी निर्माताओं के लिए और उनकी ओर से ओ० टी० एस० डिब्बे, कार्टन, लेबल आदि की वसूली की और उनकी सप्लाई की। इनका कुल मूल्य 16.06 लाख रुपये था।

फल उत्पादनों का विपणन

इस दिशा में पहला कदम यह उठाया गया कि नेरामेक ने जुलाई, 1983 के पहले सप्ताह में अपना नाम फल उत्पादन आदेश के पास पंजीकृत कराया, पंजीकरण नं० 5390-आर है। नेरामेक के अपने ही ब्रांड नाम या पुनः लेबल लगाकर या निर्माता के रूप में, जैसी भी स्थिति हो, बिक्री करने के लिए उत्पादों में प्रयोग करने हेतु दो ब्रांड नाम "जवान" और "सेवन सिस्टर्ज" कलकत्ता में ट्रेड मार्क प्राधिकारियों के पास पंजीकृत कराये गए थे।

एयरपोर्ट काउंटर

नेरामेक ने बोरझर एयरपोर्ट के प्रस्थान कक्ष में बिक्री काउंटर लगाने के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त करने हेतु मई/जून, 1983 के दौरान कार्रवाई प्रारम्भ की थी। उच्चतम स्तरों पर सतत प्रयत्नों के बावजूद भी एरोड्राम नियन्त्रक ने इस क्षेत्र के फलों और ताजे अनन्नास रस को बेचने के लिए दुकान खोलने हेतु कोई उपयुक्त स्थान आवंटित नहीं किया जबकि वहां केवल वहीं स्थान उपलब्ध था जो कि मैसर्स एच० पी० एम० सी० के लिए नियत किया गया लेकिन काफी समय से उन्होंने इस स्थान को नहीं लिया था। अन्ततोगत्वा यह स्थान उन्हें 9 मार्च, 1984 को आवंटित किया गया। नेरामेक ने बोरझर एयरपोर्ट पर फल एवं रस बिक्री स्टाल खोलने के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त करने हेतु उच्चतम स्तर पर यह मामला पुनः उठाया है।

उत्पाद विकास

अनन्नास क्रश, अनन्नास के टुकड़े और स्लाइस तथा अनन्नास के रस (बिना चीनी मिलाये) के नमूने दिल्ली और बम्बई की 2 पार्टियों को विदेशी खरीदारों से नमूने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए भेजे गए हैं। यह दिखाई देता है कि निकट भविष्य में इन नये उत्पादकों के निर्यात की कुछ सम्भावनाएं हो सकती हैं। मैसर्स फ्रूटों एण्ड कम्पनी, गोहाटी के साथ मिलकर जैक फ्रूट जैम के निर्माण के लिए किए गए आरम्भिक परीक्षण सफल हुए। इस उत्पाद का आकर्षक अम्बर रंग था और जैक फ्रूट की शेष चिन्ह तक में भी कोई गंध नहीं थी। घरेलू और विदेशी मंडियों में उपभोक्ता की प्रतिक्रिया का अध्ययन करने के लिए अगले मौसम के दौरान लगभग 5 मीटरी टन जैम तैयार करने का विचार है।

निर्यात

अगस्त, 1983 मास के दौरान मसर्स फ्रूटो एण्ड कं० के लिए और उनकी ओर से 300 मीटरी टन के लिए मैसर्स रतन एक्सपोर्ट्स (प्रा०) लिमिटेड और 160 मीटरी टन के लिए भारतीय राज्य व्यापार

निगम लिमिटेड, कलकत्ता के साथ निर्यात करारों पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह सारी मात्रा 460 मीटरी टन थी और इसका मूल्य 36.50 लाख रुपए था। सोवियत रूस को इसका जहाजों पर लदान सितम्बर से दिसम्बर, 1983 तक और बाद में बढ़ाकर मार्च, 1984 तक किया जाना था।

नेरामेक ने सहयोगी निर्माताओं अर्थात् मैसर्स फ्रूटो एण्ड कं० गोहाटी, असम राज्य, सरकारी फल परिक्षण फैक्ट्री, इम्फाल, मणिपुर राज्य, मैसर्स त्रिपुरा लघु उद्योग निगम, अगरतल्ला, त्रिपुरा राज्य और मैसर्स एसोसियेटेड बेवरेज, बुर्नीहाट, मेघालय के साथ एक के बाद एक ठेका किया था। देर से ठेका करने और सर्दी के अनन्नास की अत्यधिक कम मात्रा की आमद के कारण सहयोगी निर्माताओं ने 30,42 लाख रुपये की कीमत की 370.53 मीटरी टन मात्रा जहाजों से भेजी थी। निर्यातकों द्वारा निर्यात में कभी विलम्ब से ठेका करने के बाद घटित परिस्थितियों के कारण हुई थी।

तथापि, यह उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र से पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निर्यात नेरामेक के ठोस प्रयत्नों और सहयोगी निर्माताओं के सहज सहयोग से सम्भव हुआ था।

फल उत्पाद आदेश, 1955

1955 में जारी आदेश और 1980 तक समय-समय पर जारी किए गए संशोधन फल तथा विधायन यूनिटों के लिए महत्वपूर्ण है। इस आवश्यकता को महसूस करते हुए, नेरामेक ने फल उत्पाद आदेश का संकलन किया और उसे पुस्तक के रूप में छपवाया। इसकी पुस्तकें खाद्य विभाग और नेरामेक के सहयोगी निर्माताओं, निर्यात गृहों और व्यापारिक गृहों को मुफ्त भेजी गई थीं। फल उत्पाद आदेश पुस्तक के उपलब्ध होने से, यह आशा की जाती है कि इस क्षेत्र के फल उत्पाद निर्माताओं द्वारा निर्धारित कार्यविधि का अनुपालन करने की सम्भावना है जिससे वे बहुत बड़ी मात्रा में अपने उत्पादों का निर्यात करने के पात्र बन सकेंगे।

परियोजना

कुमारघाट में स्थापित की जाने वाली जूस सांद्रण संयंत्र परियोजना सरकार को प्रस्तुत की गई थी। उस पर निदेशक बोर्ड ने पुनः विचार-विमर्श किया और खाद्य विभाग के कहने पर उसमें कुछेक परिवर्धन और संशोधन किए गए थे। इस परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत 2 करोड़ रुपये से अधिक है। इसकी मंजूरी बहुत जल्द प्राप्त होने की सम्भावना है।

पूंजीगत ढांचा और पूंजी निवेश पैटर्न

निगम की अधिकृत पूंजी 5 करोड़ रुपये है जोकि प्रत्येक 1000.00 वाले 50,000 ईक्विटी शेयरों में विभक्त है। उत्तर-पूर्वी परिषद् को अब तक 2,05,21,025.50 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। उनके कहने पर सचिव, उत्तर पूर्वी परिषद, शिलांग और उप सचिव, उत्तर पूर्वी परिषद, शिलांग प्रत्येक को 10 शेयर जिनकी राशि (10×2×1000) 20,000 1 और 19,980 शेयर जिनकी राशि 1,99,80,000.00 बैठती है, भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में जारी किए गए हैं। इससे निगम की कुल पूर्ण प्रदत्त पूंजी 2 करोड़ रुपये हो गयी है। उत्तर पूर्वी परिषद् ने कहा था कि 5,21,025.50 रुपये की शेष राशि का उपयोग निगम की विकास संबंधी गतिविधियों के लिए किया जाए।

संगठन

महा प्रबन्धक ने विदेश सेवा की शर्तों पर निगम में 24.3.1983 के अपराह्न को कार्यभार सम्भाला था। वित्तीय सलाहकार और कम्पनी सचिव के अन्य पद रिक्त रहे यद्यपि आलोच्यावधि के दौरान इन पदों को भरने के लिए कई बार कोशिश की गई थी। तथापि, वित्त और सचिव के पद से संबंधित कार्यों की देखभाल अध्यक्ष-एवं-प्रबन्ध निदेशक करते रहे।

कर्मचारियों का ब्यौरा

कम्पनी (कर्मचारियों का ब्यौरा) नियम, 1975 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 1956 की 217(2-ए) की अपेक्षाओं के अनुसरण में निदेशक रिपोर्ट के साथ संलग्न विवरण में प्रतिमास 3000/- रुपये और इससे अधिक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों से संबंधित अपेक्षित सूचना दी गई है।

बोर्ड की बैठकें

निगम के निदेशक बोर्ड की वर्ष के दौरान चार बैठकें हुई थीं।

लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों के बारे में सूचना

सांविधिक लेखा परीक्षकों की बिक्री, यात्रा भत्ता और अग्रिम यात्रा भत्ता पिछले वर्ष के आंकड़ों के प्रस्तुतिकरण में गलती से संबंधित टिप्पणियों को अनुपालन के लिए नोट कर लिया गया था यद्यपि निगम के तुलन पत्र और लाभ तथा हानि लेखे में प्रत्यक्षतः कोई परिवर्तन नहीं किया गया। कम्पनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची-6 के अधीन अपेक्षित प्रकटीकरण आवश्यकता के अधीन अनिवार्यताओं का पूरी तरह पालन नहीं किया गया लेकिन अवशेष लागत, वर्ष के दौरान अन्तरण/समायोजन, सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा दी गई अभिव्यक्ति का स्थायी परिसम्पत्ति अनुसूची तैयार करते समय भावी लेखों में अनुपालन किया जायेगा। यूनियन बैंक आफ इंडिया के पास हमारे लेखों के बारे में 8,333.30 रुपये के उपार्जित ब्याज के बारे में अनजाने में गलती हो गयी थी और ऐसी गलतियों को रोकने के लिए पग उठाये गए हैं।

विशेष कार्य

30 जून, 1984 को समाप्त तिमाही के दौरान, निगम ने सोवियत रूस को अनन्नास के उत्पादों का निर्यात करने के लिए सरकारी क्षेत्र के व्यापारिक गृह और प्राइवेट निर्यात गृहों के साथ ठेकों पर हस्ताक्षर किए थे। जहाजों पर माल के लदान का कार्यक्रम जून से दिसम्बर, 1984 होगा। पिछले वर्ष के ठेके की बची मात्रा समेत अगले वित्तीय वर्ष में लदान के लिए कुल मात्रा 1050 मीटरी टन है जिसका मूल्य लगभग 82 लाख रुपए है।

इम्फाल (मणिपुर), अगरतला (त्रिपुरा), दुरनीहाट (मेघालय, गोहाटी, हौली, आफलांग और बदरपुर (असम) में स्थित फैक्ट्रियों के साथ एक के बाद एक ठेका होने के आधार पर निगम को लक्ष्य पूरा करने का विश्वास हो गया है।

ओ० टी० एस० डिब्बों की भारी कमी के बावजूद नेरामेक ने अपने सहयोगियों को 3.20 लाख डिब्बों की सप्लाई की व्यवस्था कर ली है और उसे आशा है कि और डिब्बे प्राप्त करने के लिए वह अपने प्रयत्नों में सफल हो सकता है।

सोवियत रूस को लगभग 25 मीटरी टन अनन्नास के रस का जहाजों पर लदान जुलाई, 1984 के दौरान हलदिया बन्दरगाह कलकत्ता से किया जाना है।

लेखापरीक्षक

मैसर्स ए० भट्टाचार्यजी एण्ड कं०, चार्टर्ड एकाउंटेंट पान बाजार, गोहाटी-781 001 को वर्ष 1983-84 के लिए निगम का लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था।

आभार प्रदर्शन

बोर्ड सर्वश्री एस० पी० शुक्ल, वाणिज्य मंत्रालय, सी० एस० समाल, त्रिपुरा सरकार, टी० ओंनोक, मेघालय सरकार और के० एस० वैद्यवार, अरुणाचल प्रदेश सरकार का स्वागत करता है जिन्होंने वर्ष के दौरान बोर्ड के अंशकालिक निदेशक के रूप में कार्य सम्भाला और कार्ययुक्त निदेशकों द्वारा दिए गए मूल्यवान मार्ग दर्शन के लिए अपना आधार व्यक्त करता है। निदेशक बोर्ड श्री भगवत झा आजाद, माननीय खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री और श्री बी० सी० गंगोपाध्याय, सचिव, खाद्य विभाग का इस शिशु कम्पनी की गतिविधियों में अभिरुचि लेने और सुयोग्य मार्गदर्शन देने के लिए आभारी हैं।

निदेशक श्री प्रकाश मेहरोत्रा, असम तथा मेघालय राज्यों के राज्यपाल के भी कृतज्ञ हैं जिन्होंने निगम की गतिविधियों में अत्यधिक अभिरुचि दिखायी थी।

निदेशक इस क्षेत्र के पांच घटक राज्यों और द्रो संघ शासित प्रदेशों के मुख्य मंत्रियों, मंत्रियों, मुख्य सचिव और सचिवों/आयुक्तों द्वारा दिए गए सहयोग और समर्थन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं।

निदेशक उत्तर पूर्वी परिषद भारत सरकार के खाद्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्रालय. गृह मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों द्वारा दिए गए सतत सहयोग के लिए आभारी है।

निदेशक बोर्ड प्राइवेट, सरकारी/सहकारी क्षेत्रों से सभी सहयोगी निर्माताओं का कृतज्ञ है जिन्होंने नेरामेक को उसके अनन्नास के उत्पादों के निर्यात, देश के अन्दर बिक्री सम्बन्धी प्रयासों में सहयोग दिया है और प्राइवेट निर्यातक तथा सरकारी व्यापारिक गृहों का निर्यात सम्बन्धी ठेके सौंपने के लिए आभारी है।

निदेशक सांविधिक लेखा परीक्षकों, भारत के नियंत्रक तथा महा लेखापरीक्षक और भारतीय लेखा परीक्षा और दिल्ली तथा कलकत्ता उसके संगठनों का उनके मूल्यवान मार्गदर्शन और परामर्श के लिए अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त करते हैं।

निदेशक वर्ष के दौरान निगम के प्रबन्धकों और कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं।

निदेशक बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

गोहाटी
21 जुलाई, 1984

हस्ता०/—
(के० सी० अनन्त)
अध्यक्ष-एवं-प्रबंधक निदेशक

निदेशक रिपोर्ट के साथ उपाबंध

कर्मचारियों का ब्यौरा

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) के उपबंधों के अनुसरण में प्रतिमास 3000/- रुपये और इससे अधिक वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का ब्यौरा नीचे दिया जाता है :—

क्रम संख्या	कर्मचारी का नाम	पदनाम और कार्य का स्वरूप	31.3.84 को आयु	पारिश्रमिक	रोजगार का स्वरूप	अर्हताएं	नौकरी करने की तारीख	कुल अनुभव वर्षों में	पहले कहां नौकरी की
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.
(क) सारे वित्तीय वर्ष के दौरान नौकरी में रहे कर्मचारी और वर्ष में कुल प्राप्त पारिश्रमिक 36000/- रुपये से कम नहीं था									
1.	श्री के० सी० अनन्त	अ० एवं प्र० नि०	55 रु०	77,910.49	प्रतिनियुक्ति पर	बी० एस० सी० (कृषि), एम० एस० सी० (एगरोन) विस्तार विधियों में डिप्लोमा एफ० वी० आई० एम० (लंदन), एफ० आई० एम० एम०	1.10.82	30	भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड
(ख) वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ समय के लिए नौकरी में रहे कर्मचारी और प्राप्त पारिश्रमिक प्रति मास 3000/- से कम नहीं था।									
1.	श्री ओ० पी० ग्रोवर	महा प्रबन्धक	50 रु०	34.380.11	प्रतिनियुक्ति पर	बी० एस० सी० (कृषि) फल तथा सब्जी परिक्षण में डिप्लोमा, विस्तार विधि में डिप्लोमा कृषि बागवानी उत्पादकों के विपणन में डिप्लोमा ओ० आई० टी० सी०/ जी० ए० टी० टी०	24.8.83		एच० पी० एम० सी० लिमिटेड

नोट (1) नियुक्ति की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक में वेतन तथा भत्ते, नियोजक का भविष्य निधि में अंशदान, ग्रेच्युटी तथा छुट्टी वेतन और चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति करना शामिल है।

(2) उपर्युक्त कोई भी कर्मचारी कम्पनी के किसी निदेशक का रिश्तेदार नहीं है।

लेखा परीक्षक रिपोर्ट

हमने उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड, राजगढ़ रोड, गोहाटी-781003, असम के 31 मार्च, 1984 को संलग्न तुलन पत्र और निगम के उस तारीख को समाप्त वर्ष के इसके साथ संलग्न लाभ तथा हानि लेखे की लेखा-परीक्षा की है और रिपोर्ट करते हैं कि :

(1) हमें सभी सूचना और स्पष्टीकरण जो कि हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार आवश्यक समझे जाते थे, प्राप्त हुए हैं ।

(2) हमारी राय में, निगम द्वारा कानून के अनुसार लेखा बहियों की जांच करने से विदित होता है, कि हिसाब किताब उचित ढंग से रखा गया है ।

(3) इस रिपोर्ट में दिया गया तुलन पत्र और लाभ तथा हानि लेखा, लेखा बहियों में दिए गए लेखों के अनुसार हैं ।

इसके अलावा, जैसा कि कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 277(4ए) के अधीन जारी किए गए निर्माणकारी और अन्य कम्पनियां (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 1975 के अधीन अपेक्षित हैं, हम उक्त आदेश के पैराग्राफ 4 और 5 में विशिष्ट मामलों पर इसके साथ एक विवरण (उपाबंध "क") संलग्न करते हैं ।

(4) हमारी राय में और हमारी पूर्ण जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार लेखों से विवरण "ख" में दी गई टिप्पणियों के साथ पठित और उसके अध्यधीन कम्पनी अधिनियम, 1956 में अपेक्षित ढंग से सूचना मिलती है और उससे सच्ची और उचित तस्वीर मिलती है :—

(क) तुलन पत्र के मामले में, 31 मार्च, 1984 को निगम के कार्यकलापों का ब्यौरा; और

(ख) लाभ तथा हानि लेखे के मामले में उस तारीख को वर्ष का लाभ ।

कृते ए० भट्टाचार्यजी एण्ड क०
चार्टर्ड एकाउंटेंट

स्थान—गोहाटी
तारीख—9.7.1984

हस्ता०/-
(ए० भट्टाचार्यजी)
पार्टनर

उपाबंध "क"

हमारी उस तारीख की रिपोर्ट के खण्ड (iii) के दूसरे पैराग्राफ में उल्लिखित विवरण :

(1) निगम ने उचित ढंग से रिकार्ड बनाया है जिसमें स्थायी परिसम्पत्ति के मात्रात्मक ब्यौरों और उनकी स्थिति समेत पूर्ण ब्यौरे दिए गए हैं। लेखापरीक्षा वर्ष के दौरान प्रबन्ध ने सारी परिसम्पत्ति की प्रत्यक्ष रूप से जांच की थी। इस जांच के दौरान कोई स्पष्ट असंगति नहीं देखी गई थी।

(2) लेखापरीक्षा वर्ष के दौरान किसी भी स्थाई परिसम्पत्ति का पुर्नमूलन नहीं किया गया।

(3) अन्तिम लेखों (तुलन पत्र और लाभ तथा हानि लेखा) में वर्ष के अन्त में जो स्टाक दिखाया है, वह केवल घरेलू बिक्री से संबंधित माल (फल तथा पैकिंग सामग्री) के बारे में है। यह भी बताया गया है कि उस स्टाक को भी प्रबन्ध ने लेखापरीक्षा वर्ष के दौरान उपयुक्त अवधियों में प्रत्यक्ष जांच की है। इस जांच में प्रत्यक्ष स्टाक और बहियों में दर्ज स्टाक के बीच पायी गई असंगतियां उल्लेखनीय नहीं थीं और उन पर लेखा बहियों में यथोचित कार्रवाई कर दी गई है। हमारी राय में, ऊपर बताए गए स्टाक का लागत पर किया गया मूल्यन सामान्यतया स्वीकृति लेखा सिद्धान्तों के अनुसार सही और उचित है।

(4) वर्ष के दौरान निगम द्वारा प्रतिभूत या अप्रतिभूत किसी प्रकार का ऋण नहीं लिया गया है।

(5) आलोच्यावधि के दौरान निगम द्वारा ऋण के रूप में कोई ऋण या अग्रिम राशि नहीं दी गई है।

